वर्षः 7- अंकः 55, मुंबई, सोमवार, 10 अप्रैल, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान


# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर


## सराफा व्यवसाई को कार में बांधकर जिंदा जलाया

(पढ़ें पृष्ठ 5 पर)

## मिस्र के चर्चों पर ISIS का धमाका



## 31 की मौत

(पढ़ें पृष्ठ 5 पर)

## मुंबई में बीयर बारों का नंगा नाच





## नाइट सिटी, एमटी 64 - फ्यूल पंप



बीएमसी अधिकारी सब इंजीनियर सलीम मुल्लानी का संरक्षण



मनपा आयुक्त अजोय मेहता



मुं. पुलिस कमिश्नर दत्तात्रय पडसलगिकर



एडिशनल सीपी राजेश प्रधान

कब जागेंगे राजेश प्रधान, दत्तात्रय पडसलगिकर और अजोय मेहता

**मुंबई।** अदालत के आदेश पर जहां एक तरफ राज्य सरकार ने नेशनल हाइवे के किनारे शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है वहीं दूसरी तरफ मुंबई में बीयर बार, हुक्का पार्लर की आड़ में शराबखोरी, जिस्मफरोशी, अय्याशी और अप्राकृतिक यौन संबंधों का नंगा नाच शुरु हो गया है और यह सब गैरकानूनी काम हो रहा है। मालाड पश्चिम में लिंक रोड पर होटल सबकुछ के सामने बने नाइट सिटी बीयर बार एमटी 64 हुक्का पार्लर और फ्यूल पंप बार में जहां शाम ढलते ही युवक-युवतियां जिनमें नाबालिग भी शामिल होते हैं **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर
शुध्द घी में बनी
बूंदी
₹ 340/- 240/- Per Kg.
Scheme Valid For: 10 & 11-04-2017
MM MITHAIWALA
MALAD (W),TEL.: 288 99 501

## गोहत्या पर देशभर में बने एक कानून



**नई दिल्ली।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गोवध के खिलाफ देशभर में एक कानून बनाने के लिए पुरजोर वकालत की और निगरानी समूहों से पशुओं की रक्षा करते समय कानून का पालन करने के लिए कहा। भागवत ने भगवान महावीर जयंती के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'हम देशभर में गोवध पर रोक लगाने वाला कानून चाहते हैं।' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि कानून का पालन करते हुए गाय की रक्षा करने का काम जारी रहना चाहिए। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## अलवर में गोरक्षा के नाम पर पिटाई से शख्स की मौत

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 45 मिनट रुकी रहीं नन्हे आराध्य की सांसें

**मुंबई।** मुंबई में तीन महीने के एक बच्चे ने मौत को ऐसी मात दी कि लोग उसे 'मिरेकल बेबी' पुकार रहे हैं। अपनी पैदाइश के साथ ही दिल में छेद लेकर पैदा हुए आराध्य की सांसें एक ऑपरेशन के दौरान 45 मिनट तक रुकी रहीं। इसके बावजूद मुंबई के एक अस्पताल के डॉक्टरों की दिलेरी की बदौलत अब वो एक नई जिंदगी जी रहा है।




### ऑपरेशन से ही बच सकती थी जान

तीन महीने का आराध्य अब आम बच्चों की तरह रह रहा है, लेकिन आराध्य आम बच्चों की तरह इस दुनिया में नहीं आया था। एक गरीब परिवार में जन्मे आराध्य के पैदा होने के साथ ही उसके दिल में छेद होने की बात पता चली थी। आराध्य की जान एक सफल ऑपरेशन से ही बच सकती थी। ऐसे में उसके माता-पिता उसे लेकर मुंबई चले आए और यहां के बाई जेरबाई वाडिया बाल अस्पताल के डॉक्टरों ने 26 घंटे के एक ऑपरेशन के बाद आराध्य को एक नई जिंदगी दी।

### ब्लू बेबी सिंड्रोम से ग्रसित था आराध्य

ये सब कुछ डॉक्टरों के लिए भी इतना आसान नहीं था। आराध्य के दिल में छेद होने की बात उसके जन्म से पहले ही पता चल चुकी थी। इसके बावजूद उसके माता-पिता ने उसे जन्म देने का फैसला किया था। आराध्य ब्लू बेबी सिंड्रोम से ग्रसित था। ये सिंड्रोम 6 माह से कम उम्र के बच्चों में पाए जाते हैं, जिसमें उनका दिल गर्भावस्था में ठीक से विकसित नहीं हो पाता। नतीजतन उनके दिल शरीर को जरूरत के मुताबिक ना तो खून सप्लाई कर पाते हैं और ही ऑक्सीजन। ऐसे बच्चों की त्वचा, खासकर होंठ के अगल-बगल के हिस्से और उंगलियों का रंग ऑक्सीजन की कमी की वजह से नीला हो जाता है। वाडिया अस्पताल के डॉक्टरों ने आराध्य को बचाने के लिए ऑपरेशन का फैसला तो कर लिया, लेकिन उनकी भी उम्मीदें उस समय टूटने लगी जब आराध्य की सांसें 45 मिनट तक रुकी रहीं। हालांकि डॉक्टरों के प्रयास से आराध्य को आज एक नई जिंदगी मिली है। आराध्य अब आम बच्चों की तरह ही एक सामान्य जिंदगी जी सकता है। वो ऐसे हालात से जीवित बाहर निकला है, जहां से कम ही बच्चे वापस आ पाते हैं। इसलिए लोग आराध्य को 'मिरेकल बेबी' बुला रहे हैं।

# बुजुर्ग महिला ने बस में नहीं दी सीट तो मार दी गोली



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां यात्रियों से भरी एक बस में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने सीट के लिए महिला को गोली मार दी। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यात्रियों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना मुंबई के ठाणे की है। जानकारी के मुताबिक, बोरिवली निवासी 75 वर्षीय पार्वती ठाकुर ठाणे से बस में सवार होकर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान सुमेध श्रीराम नामक युवक की बुजुर्ग पार्वती से सीट को लेकर कहासुनी हो गई। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, सुमेध ने देशी तमंचे से बुजुर्ग महिला को गोली मार दी। गोली पार्वती के दाहिने कंधे में लगी। खून से सनी पार्वती वहीं बेहोश हो गईं। लोगों ने शोर मचाया तो सुमेध ने अन्य यात्रियों पर भी तमंचा तान दिया। किसी तरह यात्रियों ने सुमेध को दबोच लिया। लोगों ने सुमेध की जमकर पिटाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घायल बुजुर्ग महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया, आरोपी सुमेध बदलापुर का रहने वाला है। पुलिस ने सुमेध के खिलाफ अवैध हथियार रखने और जानलेवा हमला करने संबंधी धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस सुमेध से पूछताछ कर रही है।

# विपक्ष का संघर्ष यात्रा-2 और आक्रामक होगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के किसानों का कर्ज माफ कराने के लिए विपक्ष का संघर्ष यात्रा जारी रहेगा। किसानों की कर्जमाफी के लिए जारी संघर्ष यात्रा का दूसरा फेस 15 अप्रैल से शुरू होगा। माना जा रहा है पहले फेस के आंदोलन से दूसरा फेस और भी आक्रामक होगा।



संघर्ष यात्रा दो को जनजन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस, एनसीपी समेट महाराष्ट्र में तमाम विरोधी दल रणनीति बना रहे हैं। इसकी बैठक गत दिनों विधानसभा में विरोधी पक्ष नेता राधाकृष्ण विखे पाटिल के निवास स्थान पर हुई जहां कांग्रेस, एनसीपी, शेकाप, समाजवादी पार्टी और पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भाग लिया। दूसरे चरण की संघर्ष यात्रा राजमाता जिजाऊ के जन्मस्थान सिंदखेड से शुरू होगा जो बुलडाना, जलगांव, धुले, नंदूरबार, नाशिक और पालघर जिलों में जाएगी। इससे पहले विरोधियों का पहला संघर्ष यात्रा 29 मार्च को चंद्रपुर जिले से शुरू हुआ और 4 अप्रैल पनवेल में खत्म हुआ था।

# महिला ने अपनी जान पर खेल कर चोर को पकड़ा और फिर...

**मुंबई।** मुंबई में एक महिला ने बड़ी बहादुरी से एक चोर को पड़क कर पुलिस के हवाले कर दिया है। यह चोर महिला के छत पर पाईप लाईन में लगे पीतल के कॉग और नल चुरा रहा था। खबर के अनुसार यह घटना शुक्रवार 7 अप्रैल पालघर जिले के वसई वेस्ट की है। महिला का नाम मनीषा है। जब मनीषा ने देखा की उनकी बिल्डिंग के पाईप से पानी बह कर बर्बाद हो रहा है।



जिसके बाद मनीषा चेक करने के लिए अपनी बिल्डिंग के छत पर गई तो देखा की एक शख्स पानी के पाईप में लगे पीतल के कॉग और नल निकाल रहा है। जैसे ही चोर की नजर मनीषा पर पड़ी वो अपने हाथ में तेज हथियार लेकर मनीषा की तरफ बढ़ा। इससे पहले की वो कुछ पर पाता मनीषा ने उसे धक्का दिया और भाग पर छत में लगे दरवाजे को बाहर से बन्द कर चिल्लाते हुए नीचे की तरफ भागी। इसके बाद मनीषा ने बिल्डिंग के नीचे बच्चों ने उन्हें बताया कि कोई व्यक्ति बिल्डिंग से कूद कर भाग रहा है फिर क्या था मनीषा और बच्चों ने मिलकर चोर का पीछा किया और उसे थोड़ी दूर समा विला के पास पकड़ लिया जिसके बाद लोगो की मदद से उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने उस चोर को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–दिलशाद एस.खान द्वारा एस.आर.प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को.ऑ.हॉ.सो.बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस.वी.रोड,मालाड (प.) मुंबई से प्रकाशित RNI NO.MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975 कार्यकारी संपादक – सी. हरीश
email: mumbaihalchal@gmail.com संपादक: **दिलशाद एस.खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।



# महिला के पेट से निकला 5 सेमी का सेफ्टीपिन

**मुंबई।** 28 वर्षीया शीतल शर्मा (बदला हुआ नाम) के पेट से डॉक्टरों ने दूरबीन विधि से ऑपरेशन करके 5 सेमी का सैफ्टिपिन निकाला। महिलाएं अक्सर साड़ी की फिटिंग के लिए सैफ्टिपिन का इस्तेमाल करती हैं। शीतल ने भी ऐसा ही किया था। घूंघट बनाने के लिए शीतल ने पिन मुंह में दबा रखा था, जो अचानक फिसलकर उनके पेट में चला गया। शीतल को आनन-फानन में माहिम स्थित एस.एल. रहेजा हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट व एंडोस्कोपिस्ट डॉ। मेहुल चॉक्सी ने दूरबीन विधि से बगैर चीड़फाड़ के महिला के पेट से पिन को बाहर निकाल लिया।

2 घंटे की मशक्कत- डॉ। मेहुल चॉक्सी ने बताया कि पिन पेट में जाने के तकरीबन 6 घंटे बाद महिला को हॉस्पिटल लाया गया था। मरीज के आते ही हमने उसकी जांच की। एक्स-रे रिपोर्ट के अनुसार पिन पेट में था। हालांकि जब एंडोस्कोपी की गई तो पिन पेट में नहीं दिखा। इसके बाद हमने अडवांस एंडोस्कोपी की जिससे हमें पिन का सही स्थान की पता चला।

बाद में हमने इसी अडवांस एंडोस्कोपी के जरिए महिला के आंत में फंसे पिन को बाहर निकाला। शीतल को निगरानी के लिए एक दिन हॉस्पिटल में रखा गया। फिलहाल वह पूरी तरह ठीक हैं, और अपना नियमित जीवन व्यतीत कर रही हैं। डॉ। ने बताया कि अगर पिन आंत या अन्य दूसरी जगहों पर चुभ जाता या गहरा जख्म दे जाता तब मरीज को गंभीर समस्या हो सकती थी।

# बढ़ते शहरीकरण में अग्निसुरक्षा महत्वपूर्ण-सीएम



**मुंबई।** गोरेगांव एनएससी मैदान पर आयोजित अग्निसुरक्षा से संबंधित प्रदर्शनी का मुआयना करने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, देश में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में आग से सुरक्षा के महत्व बढ़ जाते हैं। आग लगने की घटनाएं रोकने के लिए लोगों में जागरुकता बढ़ाना जरूरी है। इसके अलावा आग लगने की स्थित से निपटने के लिए नए आधुनिक तकनीकी का विकास करना चाहिए। इन सब स्थितियों में इस तरह की प्रदर्शनी का विशेष महत्व बढ़ जाता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अग्निसुरक्षा ही जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं है। लोगों को भी उतनी ही सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसी आपदा आने ही नहीं पाए इस पर ध्यान देना चाहिए। मुंबई जैसे समुद्र के किनारे बसे शहर में कम जमीन पर बड़े-बड़े टावर बनाए जा रहे हैं। इन सब में सावधानी बरतना आवश्यक है।

# कस्टडी में हुई मौत के केस में विडियो का पेच

**मुंबई।** 22 साल के सलमान पटेल के पुलिस हिरासत से भागने और समंदर में डूब जाने की कहानी के सच व झूठ के बीच एक विडियो रिकॉर्डिंग के सामने आने की बात सामने आ रही है। हालांकि अधिकृत रूप से कोई भी अधिकारी इस बारे में कुछ बोल नहीं रहा है। सलमान पांच दिन पहले गोराई पुलिस की कस्टडी में था। पुलिस का कहना है कि वह कस्टडी से भाग गया और फिर समंदर में डूब गया। पर कई लोग पुलिस की कहानी पर सवाल उठा रहे हैं। इसलिए सच जानने के लिए इस केस की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है। सूत्रों का कहना है कि जब सलमान पुलिस कस्टडी से भाग रहा था, तो किसी ने उसकी भागते हुए विडियो रिकॉर्डिंग कर ली। यह रिकॉर्डिंग किसने की? क्या किसी पुलिस वाले ने? इस सस्पेंस से भी कोई पर्दा उठा नहीं रहा है।

## आवश्यक सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें ।।

**(9619102478)**

## आवश्यक है

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे)

**(9619102478)**

# शौगी को 13 तक पुलिस कस्टडी

**ठाणे।** हजारों करोड़ के फर्जी कॉल सेंटर मामले के फरार मास्टर माइंड 24 वर्षीय सागर ठक्कर उर्फ शैगी को ठाणे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। सागर ठक्कर को शुक्रवार की शाम दुबई से मुंबई के छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट पहुंचा था। जहां ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन की सूचना पर उसे पकड़ा लिया गया था और फिर सूचना ठाणे पुलिस को दी गई थी। सागर के खिलाफ ठाणे पुलिस ने रेड कार्नर नोटिस की कार्यवाई शुरू की थी। शनिवार की तड़के ठाणे पुलिस ने सागर को कस्टडी में लिया और उसे दोपहर ठाणे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सागर ठक्कर को 13 तारीख तक की पुलिस कस्टडी में भेजा है। ठाणे के डीसीपी अभिषेक त्रिमुखे के मार्गदर्शन में एसीपी हतोटे और सिनिएर पीआई नितिन ठाकरे की टीम ने सागर ठक्कर को अपनी गिरफ्त में लिया। ठाणे पुलिस कमिश्नर परमवीर सिंह ने सागर ठक्कर की धरपकड़ को ठाणे पुलिस के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि बताया है।

ठाणे पुलिस ने पिछले साल 4 अक्टूबर की देर रात मीरा रोड स्थित 3 फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा था और वहां चल रहे अवैध कारोबार का पदार्फाश किया था। कॉल सेंटर से अमेरिकी नागरिकों को टैक्स डिफॉल्टर होने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी किए जाने की बात सामने आई थी। पुलिस ने उस मामले में 700 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें से अबतक 84 लोगों की धरपकड़ हुई है। पुलिस उसके बाद से ही मास्टर माइंड सागर ठक्कर की सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

पुलिस कमिश्नर परमवीर सिंह के अनुसार 4 अक्टूबर को जब पुलिस ने कॉल सेंटर पर छापेमारी की थी, उस समय सागर गुजरात में था और फिर उसी दिन दुबई भाग गया था। सिंह के अनुसार कुछ दिन दुबई में रहने के बाद सागर थाईलैंड



गया था। फिर कुछ समय पहले वापस दुबई आ गया था। सागर के पास दुबई का रेजिडेंट वीजा है और उसके चलते वह एक होटल के अपार्टमेंट में रहता था।

कमिश्नर ने बताया कि कॉल सेंटर के जरिये अमेरिकी लोगों को ठगने के मामले में सागर की तलाश अमेरिकी पुलिस को भी थी और उसके खिलाफ अमेरिका ने रेड कार्नर नोटिस जारी किया था। इसके चलते उसे दुबई में पकड़ा गया था और उसके कहीं जाने पर बंदी लगाई गई थी। लेकिन दुबई सेक्युरिटी बोर्ड के सामने हुई सुनवाई में सागर के खिलाफ कोई आरोप सिद्ध नहीं हो पाया था, जिसके चलते उसे छोड़ दिया गया था।

पुलिस कमिश्नर से हुई पूछताछ में सागर ने उन्हें बताया कि जब उसे मालूम पड़ा कि भारत में भी उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई है तो उसने भारत में आने का निर्णय किया था। ठाणे पुलिस ने उसके पास से 4 हजार 890 दिरहम (दुबई की करेंसी), मोबाइल फोन और दुबई से मुंबई आने वाले कागजपत्र और पासपोर्ट को जब्त किए हैं। इस मामले में अभी और 13 लोग वांटेड हैं, जिनमें सागर का दोस्त तपस गुप्ता और उसकी बहन रीमा ठक्कर है शामिल हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### पत्रकारिता आज भी ज़िन्दा

उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के उरई शहर में केपी सिंह के घर में घुसते ही लगता है, जैसे कई महीनों से यहां कोई नहीं रह रहा है. घर मे अस्त-व्यस्त पड़ा सामान भी यही तसदीक करता है, लेकिन हाजिरजवाब केपी सिंह अपने 'स्पेशल' ड्राइंगरूम में कुर्सी पर बैठे दिखाई दिए. 'स्पेशल' इसलिए, क्योंकि उस कमरे में पुराने जमाने का एक टीवी था, यहां-वहां फैला सामान दिख रहा था, ऊपर एक अल्मारी उन्हें मिले सम्मानों से पटी पड़ी थी. मैंने सोचा - थोड़ा घर के अंदर भी घूम लूं - वहां गया, तो पुराने अखबारों का ढेर लगा हुआ था, जैसे कई साल से रद्दी बेची न गई हो. सबसे भीतरी कमरे में हल्की-सी रोशनी थी, जहां वह सोते हैं... घर में वैसे तो सुख-सुविधा का कोई साधन नहीं है, लेकिन हां, एक कम्प्यूटर जरूर है, जिसके जरिये वह खबरें लिखतें हैं. घर में सन्नाटा छाया है, क्योंकि वह परिवार से दूर अकेले ही रहते हैं. केपी सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर भले ही कम लोग जानते हों, लेकिन बुंदेलखंड में वह किसी पहचान के मोहताज नहीं. एक कुशल वक्ता, इस उम्र में भी छोटी-छोटी खबरों की ललक, खबरों में गहराई, ईमानदारी और सिस्टम की धज्जियां उड़ाती खबरों से ही उनकी पहचान आक्रामक और खांटी पत्रकार की है. हम जैसे मॉडर्न पत्रकार जहां एक महीने में ही अखबार को रद्दी समझकर बेच देते हैं, वहीं केपी सिंह उन तमाम अखबारों को सहेजकर रखते हैं, जिनमें देश और प्रदेश से जुड़ी खास खबरें छपी हों, और जरूरत पड़ने पर वह अखबार निकालकर उनका प्रयोग अपनी खबर के लिए करते हैं. केपी सिंह ने आज के पत्रकारों की तरह पत्रकारिता का कोई प्रोफेशनल कोर्स नहीं किया है, और उनका मानना है कि पत्रकारिता जन्मजात होती है. उनका कहना है - जिसमें समाज की विसंगतियों से जूझने और उन्हें बदलने की बैचेनी नहीं, वह पत्रकार नहीं बन सकता. आज जब जिला स्तर की पत्रकारिता बेहद जोखिम भरी है, और सरकारों के इशारे पर खबरों को मैनेज करने, दलाली करने या पैसे लेने के आरोप आम हैं, पिछले 35 साल से पत्रकारिता कर रहे केपी सिंह आज भी बेदाग हैं. खबरों की गहराई की समझ इस कदर है कि वह किसी भी बड़े राष्ट्रीय पत्रकार को बहस की चुनौती देने का माद्दा रखते हैं  चाहे बीहड़ और चंबल के डकैतों से जुड़ी कहानियां हों, डकैतों और सफेदपोशों का सिंडिकेट हो, खनन माफिया के खिलाफ मुहिम हो या भ्रष्ट अफसरों की पोल खोलती खबरें हों. उन्होंने एक लंबी लड़ाई लड़ी है और इसका खामियाजा भी उन्होंने कई बार नौकरी गंवाकर या किसी और रूप में भुगता है, लेकिन केपी सिंह कभी बाहुबलियों या सत्ता के नशे में चूर लोगों से डरे नहीं. कई बार तो उनकी खबरें संसद के गलियारों में भी गूंजीं. बुंदेलखंड से निकलने वाले अखबारों - जैसे दैनिक कर्मयुग प्रकाश, दैनिक अग्निचरण, दैनिक विवस्वान और दैनिक लोकसारथी में अहम पदों पर काम कर चुके केपी सिंह कुछ समय के लिए दैनिक जागरण में भी रहे, कई बार उन्हें बेहतरीन पत्रकारिता के लिए नवाजा गया प्रवक्ता बन गए हैं या दलाली के आरोप झेल रहे हैं, प्रादेशिक और जिलास्तरीय पत्रकारिता कर रहे केपी सिंह निर्भीक होकर डटे हैं. वह नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए एक बड़े प्रेरणास्त्रोत हैं.

## सुविचार





# हमारे भी हैं मेहरबां कैसे-कैसे

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चाहते हैं कि वित्तमंत्री अरुण जेटली के साथ उनके मुकदमे का पौने चार करोड़ रुपये का बिल दिल्ली की जनता भरे. इसके साथ एक बार फिर हमारे जनप्रतिनिधियों की सार्वजनिक मयार्दा के प्रति आपराधिक लापरवाही का मामला जीवित हो गया है. माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम.. अन्ना हजारे के आंदोलन की पैदायश हैं अरविंद केजरीवाल. राजनीतिक शुद्धता तथा ईमानदारी का दम भरते हुए उन्होंने राजनीति में प्रवेश किया था. लोगों को शुरू में उनसे आशा भी बहुत थी, इसीलिए इन्हीं ईवीएम, जिन पर अब वह सवाल उठा रहे हैं, के द्वारा दिल्ली की जनता ने 70 में से 67 सीटें उनकी आम आदमी पार्टी को दी थीं. लेकिन अरविंद केजरीवाल ने निराश किया. वह आम आदमी से अधिक आम बिगड़े नेता निकले. मैं मानता हूं -

केजरीवाल के खिलाफ नाजायज पैसा कमाने का कोई आरोप नहीं लगा, लेकिन जनता के पैसे का निजी हित के लिए इस्तेमाल भी तो किसी भ्रष्टाचार से कम नहीं. मामला अरुण जेटली द्वारा उन पर मानहानि के मुकदमे का है. अदालत में खुद केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि यह 'प्राइवेट मामला' है, फिर दिल्ली की जनता वकील राम जेठमलानी का एक करोड़ रुपये का रिटेनर तथा हर पेशी पर 22 लाख रुपये की फीस का बोझ, जो कुल 3.86 करोड़ रुपये बनता है, क्यों उठाए...? अब जेठमलानी का कहना है कि वह गरीबों से पैसे नहीं लेते और अगर केजरीवाल 'गरीब' हैं तो वह उनसे इस केस के पैसे नहीं लेंगे. वैसे उनके 'गरीबों' की श्रेणी में लालू यादव भी आते हैं, जिनका केस उन्होंने मुफ्त लड़ा था. उन्होंने यह भी बताया कि वह यह केस मुफ्त में ही लड़ना चाहते थे, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने ही कहा - आप हमें बिल भेजें.

अगर अपनी जेब से पैसा जाना होता, तो केजरीवाल तत्काल जेठमलानी की पेशकश स्वीकार कर लेते, लेकिन क्योंकि इरादा सरकारी खजाने के इस्तेमाल का था, इसलिए कहा - नहीं, हम बिल देंगे. जिसके बाद मनीष सिसोदिया ने विभाग को आदेश दिया कि एक दिन में अदायगी कर दी जाए. वह नहीं चाहते थे कि मामला उपराज्यपाल, यानी एलजी के पास पहुंचे. उनका दुर्भाग्य है कि मामला वहीं पहुंच गया



है और अब बड़ा विवाद खड़ा हो गया है. दिलचस्प है कि केजरीवाल, जिनकी हर मामले पर राय होती है, इस मामले पर खामोश हैं. न ही वह कह रहे हैं कि 'लोग ऐसा चाहते हैं', 'मैंने सुना है', 'मुझे बताया गया है'... लेकिन इस तरह परोक्ष आरोप लगाकर वह उस संस्था की विश्वसनीयता खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कामकाज पर देश गर्व कर सकता है. मेरा अभिप्राय चुनाव आयोग से है. गुलाम नबी आजाद भी अब ईवीएम पर संदेह कर रहे हैं. तो क्या पंजाब में भी दोबारा चुनाव होने चाहिए...? असली शिकायत हमारे नेताओं की मानसिकता से है.

वे जनसेवक नहीं रहे. मुफ्तखोर हो गए. उनका अपना हित सार्वजनिक हित से ऊपर रहता है. इसके लिए वे अपने पद का दुरुपयोग करने में हिचकते नहीं. लेकिन कभी-कभी खजाने में हाथ डालते वक्त अरविंद केजरीवाल की तरह पकड़े जाते हैं या अपनी चप्पल का इस्तेमाल करते वक्त रवींद्र गायकवाड़ की तरह हवाई जहाज से उतार दिए जाते हैं. मुझे अरविंद केजरीवाल या रवींद्र गायकवाड़ में अधिक अंतर नजर नहीं आता. जनप्रतिनिधि होते हुए भी यह खुद को जनता से ऊपर समझते हैं. अफसोस यह है कि वीआईपी संस्कृति, जो देश की जनता पर बहुत बड़ा बोझ है, के खिलाफ सबसे ऊंची आवाज पहले 'आप' ने ही उठाई थी, लेकिन इसी के नीचे उन्होंने अपना पौने चार करोड़ रुपये का बिल जनता को थमा दिया, लेकिन दबंग हैं. यही मानसिकता रवींद्र गायकवाड़ की है. वह भी दबंग हैं. चप्पल से उन्होंने एयर इंडिया के अधिकारी को पीट डाला और गर्व से माना कि '25 बार पीटा है...' हमने इन्हें इतना सिर पर चढ़ा रखा है कि वह सोचते हैं कि किसी की इनके आचरण पर सवाल करने की जुर्रत कैसे हो गई...? 'तुम जानते नहीं, मैं कौन हूं...?' - यह संस्कृति इस देश में फैल गई है. बहुत कम जनप्रतिनिधियों में शालीनता या नम्रता या मयार्दा रह गई है. जब कोई सरकारी एजेंसी उनके खिलाफ कार्रवाई करती है,

तत्काल कह दिया जाता है कि राजनीतिक बदला लिया जा रहा है. उमा भारती का कहना है कि वह मंत्रियों के लिए वीआईपी कल्चर पूरी तरह खत्म करने के खिलाफ हैं. मंत्री जब जरूरी काम के लिए जा रहे हों, तो लाल बत्ती लगी होनी चाहिए. लेकिन दुनिया के अधिकतर देशों में तो ऐसा नहीं है. ब्रिटेन में कई मंत्री अंडरग्राउंड ट्रेन से आते-जाते हैं. वे भी तो काम करते हैं. जब नई पंजाब सरकार ने लाल बत्ती बंद करने का आदेश निकाला, तो कई मंत्रियों और विधायकों ने इसका विरोध किया. एक विधायक का कहना था कि 'वी हैव अर्न्ड इट',

अर्थात्त हमने यह अर्जित किया है. और हम समझते रहे कि इन्होंने हमारी सेवा करने का सौभाग्य 'अर्न' किया है...! बराक ओबामा जब रिटायर हुए तो व्हाइट हाउस से निकलकर किराये के मकान में चले गए. किराया वह खुद देते हैं. यही परम्परा ब्रिटेन में है, जहां डेविड कैमरन पद छोड़ने के साथ ही 10, डाउनिंग स्ट्रीट का बंगला छोड़ गए और किराये के मकान में पहुंच गए. किराया वह भी खुद ही देते हैं. लेकिन यहां जब राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री 'पूर्व' होते हैं, तो उन्हें एक सरकारी बंगले से निकालकर एक और सरकारी बंगले में सुसज्जित कर दिया जाता है. उनका ताज़िन्दगी खर्चा करदाता उठाता है.सार्वजनिक कल्याण और शुचिता के प्रति यह जो लापरवाह रवैया है,

वही 'चप्पल-मार' सांसद और 3.86 करोड़ रुपये के बिल पैदा करता है. कल को अगर अरविंद केजरीवाल यह मुकदमा हार जाते हैं, तो क्या 10 करोड़ रुपये का जुमार्ना भी दिल्ली की जनता ही उठाएगी...? केजरीवाल का दिल्ली की जनता को यह संदेश लगता है कि बिजली का बिल मत दो. पानी का बिल मत दो, लेकिन मेरे वकील का बिल देना नहीं भूलन

# मानसिक स्वास्थ्य विधेयक से उभरती चिंता की लकीरें

पिछला पखवाड़ा यह कहता हुआ मालूम पड़ रहा है कि हमारे देश की व्यवस्था स्वास्थ्य के प्रति कुछ अधिक ही सजग हो गई है, जो स्वागतयोग्य है. भारत सरकार ने अभी-अभी जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति जारी की है, उसमें अलग से मानसिक स्वास्थ्य की बात कही गई है. उसी को ध्यान में रखते हुए मानसिक स्वास्थ्य विधेयक, 2016 भी पारित किया गया. यानी ध्यान केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी है. इससे भी बड़ी बात, बीएस-3 तकनीक वाले वाहनों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का यह कहना था कि कंपनियों के फायदे के लिए लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता. यह स्वास्थ्य और पर्यावरण के संबंधों के प्रति राष्ट्र की संवेदनशीलता को दिखाता है. सबसे महत्वपूर्ण है मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विधेयक का पारित होना, जिसकी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अंतर्गत चर्चा भी की गई थी. इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि जो संसद अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयकों को निर्धारित समय से भी कम समय में पारित कर देती है, उसी संसद की लोकसभा ने इसके लिए निर्धारित दो घंटे के बदले सात घंटे लिए. जाहिर है, देश मानसिक स्वास्थ्य के प्रति काफी चिंतित जान पड़ रहा है भारत के संदर्भ में इसके बारे में सोचने पर एक अलग तरह की चिंताजनक स्थिति बनती है. पूरी दुनिया इस देश को एक आध्यात्मिक भूमि के रूप में श्रद्धा के साथ पूजती है. बावजूद इसके कि वे यहां की सामाजिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की दुःखभरी गाथाओं से अपरिचित नहीं हैं. वाराणसी जैसे शहर और वहां के गंगा के घाट चाहे कैसी भी बदहाली की हालत में क्यों न हों, लेकिन आध्यात्मिक अनुभूति की गहराई उन सबकी अनदेखी करके उसे एक नया ही रूप दे देती है. यह बात केवल वाराणसी के लिए नहीं, पूरे देश के लिए है भारत के बारे में एक बात यह भी कही जाती है कि यहां के लोगों का आर्थिक स्तर कितना भी कम क्यों न हो, जीवन के प्रति उनका आनंदवादी दृष्टिकोण उन्हें जीवन के अभावों से ऊपर उठा देता है. जीवन का यह आनंदवादी दृष्टिकोण भारतीय दर्शनशास्त्र के उस केंद्र से पैदा हुआ है, जिसमें ईश्वर को आनंदस्वरूप और जीवन को रसमय माना गया है. यह काफी हद तक सच भी है और इसकी सच्चाई को गांव के लोगों के बीच जाकर महसूस किया जा सकता है. और हम सब जानते हैं कि हमारे देश की कुल आबादी का गांवों में बसने वाला 70 प्रतिशत भाग अभी भी कमोबेश ऐसी ही ज़िन्दगी बसर कर रहा है.

# मुंबई में बीयर बारों का नंगा नाच

**(पृष्ठ 1 का शेष)** और सभी एक-दूसरे से लिपट कर अय्याशी में डूब जाते हैं नाइट सिटी बार और फ्यूल पंप बार में यह सिलसिला सुबह तक जारी रहता है जबकि एमटी 64 में समलैंगिकों का जोड़ा मजबूत रहता है। ये लोग आपस में एक दूसरे से इस कदर शराब और हुक्का के कश लगाकर चिपके रहते हैं कि एमटी 64 और फ्यूल पंप बार के मालिक और कर्मचारी को सुबह उन्हें झकझोर कर उठाना पड़ता है। उस समय उनकी स्थिति ऐसी होती है कि उसे लिखपाना यहां मुमकिन नहीं है। सभी निर्वस्त्र होते हैं और पार्लर व बार के कर्मचारी उन्हें जैसे-तैसे कपड़े पहनाकर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाते हैं। मालाड लिंक रोड पर ऐसे भी कुकृत्य हो रहे हैं लेकिन स्थानीय पुलिस और बीएमसी अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं, यह कैसे संभव है। इस बारे में नाइट सिटी, एमटी 64 और फ्यूल पंप बार के मालिक व मैनेजर का कहना है कि जबतक हमारे सिर पर बीएमसी के सब-इंजीनियर सलीम मुल्लानी का हाथ है किसी पुलिस अधिकारी और बीएमसी अधिकारियों में इतनी हिम्मत नहीं की वह हमारे धंधे को बंद करवा सके। कि जबतक हमारे सिर पर बीएमसी के सब-इंजीनियर सलीम मुल्लानी का हाथ है किसी पुलिस अधिकारी और बीएमसी अधिकारियों में इतनी हिम्मत नहीं की वह हमारे धंधे को बंद करवा सके। सूत्रों ने बताया कि बीएमसी के सब-इंजीनियर सलीम मुल्लानी ने इस एरिया के सभी अवैध, गैरकानूनी कामों को पुरी तरह से संरक्षण दे रखा




है। क्योंकि इसके बदले में उसे लाखों रुपए का हफ्ता मिलता है। सूत्रों ने बताया कि इस बाबत बीएमसी के सब-इंजीनियर सलीम मुल्लानी का कहना है कि वह यहां की पुलिस और बीएमसी के अधिकारियों को नियमित रुप से हफ्ता पहुंचाता है जिस कारण यह सभी हमारे खिलाफ जाने की हिम्मत कर ही नहीं सकते। सूत्रों ने यह भी बताया कि उपर्युक्त तीनों बारो में पुरी रात अय्याशी का खेल चलता रहता है जिस कारण यह तीनों स्थान अय्याशी का एक बहुत बड़ा अड्डा बन चुका है। यही कारण है कि यहां के प्रति युवक-युवतियां और समलैंगिक जोड़ों का झुकाव अधिक अधिक है क्योंकि यह जगह पुरी मुंबई में कुख्यात हो चुका है। आश्चर्य की बात तो यह है कि एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजेश प्रधान के जैसे कर्तव्यनिष्ठ, स्वच्छ छवि और ईमानदार के रहते हुए नाइट सिटी, एमटी 64 और फ्यूल पंप बार के मालिकों ने इतनी हिम्मत कैसे जुटा ली की वे लोग इस घिनौने गैरकानूनी काम को अंजाम देने में लगे हैं जबकि मुंबई पुलिस कमिश्नर दत्तात्रय पडसलगिकर और मनपा आयुक्त अजोय मेहता इस घृणित धंधे से बिल्कुल बेखबर हैं क्योंकि स्थानीय बीएमसी अधिकारी सलीम मुल्लानी के डर से कोई भी इनकी शिकायत इनसे करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। अब लोगों को इस बात का इंतजार है कि कब पुलिस कमिश्नर, मनपा आयुक्त और एडिशनल पुलिस कमिश्नर की आंखे खुलेंगी और सलीम मुल्लानी के भ्रष्ट हौसलों को खत्म किया जाएगा।

# शिर्के कंपनी ने खड़ी की अवैध बिल्डिंग

राधिका यादव

**मुंबई** । कालीना स्थित आला अफसरों की मैत्री नामक बिल्डिंग अवैध है । इस बिल्डिंग में मनपा की मंजूरी लिए बिना अवैध निर्माणकार्य किया गया । मनपा द्वारा अवैध ठहराए जाने के बाद म्हाडा द्वारा सम्बंधित मेसर्स शिर्के कंपनी को 18 करोड़ 83 लाख 80 रुपये ऐडा किये है जो कि अवैध निर्माण पर किये खर्च का लगभग 94 प्रतिशत है । जिसकी जानकारी आरटीआई के तहत प्राप्त हुई है । गौरतलब है कि म्हाडा मुंबई मंडल की विभागीय लेखपाल ने अनिल गलगली ने पूछी जानकारी के जबाब में बताया कि उच्च आय वर्ग के 72 मकानों की बिल्डिंग पर 31 मार्च 2017 तक 20 करोड़ 14 लाख 78 रुपए खर्च हुए हैं। म्हाडा ने 31 मार्च 2017 मेसर्स बी जी शिर्के कंपनी को 18 करोड़ 83 लाख 80 रुपए अदा किए हैं। अनिल गलगली ने म्हाडा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध निर्माण पर हुए खर्च की रकम अदा करने के पहले मनपा की अनुमति जांचने की आवश्यकता थी जिसे नजरअंदाज किया है। मनपा इस अवैध निर्माण को तोड़ेगी तो जो करोड़ों का भुगतान किया गया हैं उसे शिर्के से वसूलना आसान नहीं होगा। म्हाडा प्रशासन ने अनिल गलगली को बताया कि मेसर्स बी जी शिर्के कंपनी को 2 मार्च 2017 को नोटीस जारी कर अवैध निर्माण पर खुलासा 7 दिन के भीतर करने का आदेश दिया गया हैं। म्हाडा ने मैत्री सहकारी गृहनिर्माण संस्था में तय 76 सदस्य के अलावा शेष और सरकार ने मंजूर किए सदस्यों के लिए 15 फ्लैट उपलब्ध कराने के लिए मंजूरी दी। विंग ए के लिए 3 और विंग बी तथा सी के लिए 2 फ्लोर की अनुमति होते हुए मेसर्स शिर्के इस ठेकेदार ने 12 फ्लोर का निर्माण किया और उसके बाद अवैध निर्माण को अधिकृत करने का अनुरोध किया हैं । मुख्यमंत्री सचिवालय से लेकर उपमुख्यमंत्री कार्यालय, म्हाडा, एसआरए, गृहनिर्माण, ग्रामविकास, नगरविकास, सहकार,राजस्व, भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, सार्वजनिक स्वास्थ्य, मनपा, सिडको, शिक्षा, जलसंपदा, कृषी, महिला व बालविकास, उद्योग, सूचना व तकनीक, पुलिस, विक्रीकर, यातायात ऐसे हर एक विभाग का अफसर और कर्मचारी को फ्लैट मिलेगा। 4 प्रमोटर में मुंबई मंडल के सहमुख्य अधिकारी अभिमन्यू काले, पुलिस उपायुक्त सुनील रामानंद, गृहनिर्माण राज्यमंत्री के निजी खाजगी सचिव कैलास पगारे आउट गृहनिर्माण विभाग के उपसचिव एवं अप्पर जिलाधिकारी दिलीप शिंदे हैं वहीं चीफ प्रमोटर झोपडपट्टी पुनर्वास प्राधिकरण के अप्पर जिलाधिकारी ए.एम.वजरकर हैं।

**(पृष्ठ 1 का शेष)**

## सराफा व्यवसाई को कार...

गोरखपुर। रविवार को दोपहर बाद सहजनवा फोरलेन पर तेनुआ टोल प्लाजा के पास एक लग्जरी कार में अज्ञात लोगों ने सराफा व्यवसाई का हाथ-पैर बांधकर उसे जिंदा फूंक दिया। सड़क किनारे खड़ी कार से आग की लपटें उठती देख लोग वहां पहुंचे तो उसमें युवक के बंधे होने का पता चला। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचती, सराफा व्यवसाई जलकर राख हो चुका था। पुलिस ने गाडी के नंबर के आधार पर छानबीन की तो उसकी पहचान गोरखपुर के घंटाघर के सराफा व्यवसाई नितिन अग्रवाल के रूप में हुई। वह घर से पैसे की वसूली के लिए निकला था। फोरलेन पर कार में किसी युवक को जिंदा फूंकने की खबर जैसे ही आम हुई, वहां लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच ड-ीआईजी, एसपी ग्रामीण समेत फोरेंसिक टीम के सदस्य भी पहुंच गए। उन्होंने मामले की छानबीन शुरू कर दी। इसके बाद मृतक की पहचान हुई। उसे क्यों फूंका गया है इसका अभी पता नहीं चल पा रहा है। एसपी ग्रामीण का कहना है कि पोस्टमार्टम या जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा कि युवक को जिंदा फूंका गया है या कार में आग लगी है। सराफा व्यवसाई को जिस कार में बांधकर फूंका गया वह नीले रंग की मारूति बलेनो कार (नंबर यूपी 53 सीजे 9938) है। गाड़ी के नंबर के आधार पर जानकारी की गई तो नितिन घंटाघर हरबंश गली के रहने वाले व्यवसाई गोविंद अग्रवाल का इकलौता पुत्र निकला। इसके बाद परिवारीजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही घर के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने जताई हत्या की आशंका जताई है।

## आतंकी धमाका...

मिश्र में रविवार को इसाइयों को निशाना बनाते हुए किए गए धमाकों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई, वहीं सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। खुद को इस्लामिक स्टेट बताने वाले आतंकी संगठन ने इन हमलों की जिम्मेदारी ली है। मिस्त्र में पाम संडे के मौके पर विशेष प्रार्थना के लिए चर्च में लोगों की भारी भीड़ थी। यह कॉप्टिक ईसाई कैलेंडर का एक सबसे पवित्र दिन है और आतंकियों ने इसी मौके पर चर्चों को निशाना बनाया। पहला विस्फोट उत्तरी मिस्त्र के तंता शहर के एक कॉप्टिक चर्च में हुआ, जहां कम से कम 21 लोग मारे गए और 59 घायल हो गए। वहीं दूसरा धमाका अलेक्जेंड्रिया के सेंट मार्क चर्च में हुआ, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, तथा 66 अन्य घायल हुए हैं। एक सुरक्षा सूत्र ने कहा, सेंट जॉर्ज मार गिर्गिस चर्च में अगली सीट के नीचे विस्फोटक लगाया गया था, और मुख्य प्रार्थना कक्ष में इसमें विस्फोट कर दिया गया। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, 'मृतकों की संख्या में वृद्धि हो सकती है, क्योंकि घायलों में कई की हालत गंभीर है।' राष्ट्रपति अब्दल फतह अल-सीसी ने कहा कि सैन्य अस्पतालों में घायलों को भर्ती कराया गया है। विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, ₹मिस्त्र में फिर आतंकवादी हमला, इस बार पाम रविवार को। मिस्त्रवासियों के खिलाफ एक और अप्रिय घटना, लेकिन असफल प्रयास है।₹ समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एम्बुलेंस अथॉरिटी के प्रमुख, मगदी अवाद ने कहा कि उत्तरी काहिरा से लगभग 120 किमी दूर स्थित चर्च में कम से कम 26 एम्बुलेंस तैनात किए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विस्फोट से एक दीवार पूरी तरह नष्ट हो गई है। कॉप्टिक ईसाई मिस्त्र की आबादी के 10 प्रतिशत है। वे सदियों से बहुसंख्य मुस्लिम आबादी के साथ शांतिपूर्वक रह रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में एक प्रार्थना सभा के दौरान काहिरा में एक कॉप्टिक कैथ्रेडल में हुए एक बम विस्फोट में 25 लोग मारे गए थे। पोप फ्रांसिस इस महीने काहिरा का दौरा करने वाले हैं और वहां वह कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स चर्च के प्रमुख सहित विभिन्न धर्मगुरुओं से मुलाकात करेंगे।

## गोहत्या पर देशभर..

उन्होंने कहा कि गोवध के नाम पर कोई भी हिंसा उद्देश्य को बदनाम करती है और कानून का पालन करना ही चाहिए। बता दें कि हाल ही में अलवर में गोरक्षा के नाम पर एक शख्स की पिटाई का मामला सामने आया था। गो-तस्करी के आरोप में लोगों ने करीब 15 संदिग्ध तस्करों के साथ बुरी तरह मारपीट की। जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। बाद में मिले दस्तावेजों से साफ होता है कि उनके पास गाय ले जाने के दस्तावेज भी थे। राज्यसभा में अलवर कांड पर हंगामा भी हुआ था। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने अलवर का मुद्दा सदन के सामने उठाया। उन्होंने गोरक्षा के नाम पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास ने आरोपों का जवाब दिया। नकवी ने ऐसी किसी घटना होने से ही इनकार कर दिया था। उन्होंने सदन को बताया कि जिस घटना का जिक्र किया जा रहा है वैसी कोई घटना जमीन पर नहीं हुई है।

# दोस्ती का चैप्टर : भारत-बांग्लादेश में 22 समझौतों पर हस्ताक्षर

भारत और बांग्लादेश ने अपने संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए शनिवार को रक्षा और असैन्य परमाणु सहयोग समेत विभिन्न सामरिक क्षेत्रों में करीब 22 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसमें कोलकाता से खुलना के बीच रेल और 2 बस सेवा शामिल है। दोनों देशों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद मोदी ने बांग्लादेश को प्राथमिकता वाले क्षेत्र में परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 4.5 अरब डॉलर का कर्ज की घोषणा की। बांग्लादेश को सैन्य आपूर्ति के लिए 500 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त ऋण सुविधा की घोषणा करते हुए मोदी ने कहा कि यह बांग्लादेश की जरूरतों के अनुरूप होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने साझा बयान जारी करके इन समझौते की जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने वार्ता से पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का हैदराबाद हाउस में स्वागत किया। मोदी ने कहा कि बांग्लादेश सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी हम सभी के लिए आदर्श है। बांग्लादेश के लिए भारतीय फौज के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता।

**तीस्ता मुद्दे का जल्द समाधान निकालने का आश्वासन**

मोदी ने तीस्ता मुद्दे का जल्द समाधान निकालने और इस संबंध में भारत की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए तीस्ता जल बंटवारे का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हालांकि तीस्ता मुद्दे पर बहुप्रतीक्षित समझौते को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका। रक्षा सहयोग ढांचे के सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। भारत की तरफ से 600 मेगावाट बिजली बांग्लादेश को पहले ही दी



जा रही है। 60 मेगावाट बिजली और दी जाएगी। नुमालीगढ़ से पार्वतीपुर तक डीजल तेल की पाइप लाइन के फाइनेंस के लिए भी भारत सहमत हुआ। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर भी करार किया गया।

**खुलना-कोलकाता एक्सप्रेस को हरी झंडी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से खुलना-कोलकाता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके लिए बांग्लादेश के बेनापोल स्टेशन में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। नई दिल्ली से पीएम मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खुलना-कोलकाता एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। लंबे अरसे बाद भारत-बांग्लादेश के बीच रेल सेवा शुरू हो रही है। यह रेल सेवा भारत, बांग्लादेश, नेपाल और भूटान को जोड़ेगी। कोलकाता और खुलना के बीच बस और रेल लिंक के अलावा राधिकापुर-बीरोल रेल लिंक को बहाल किया गया है। मोदी ने कहा कि हम बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल मोटर वाहन करार की शुरूआत के लिए तत्पर हैं। बॉर्डर हाट खोलने के लिए समझौता किया गया।

**प्रोटोकॉल तोड़कर स्वागत किया**

इससे पहले बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी से मुलाकात करने के लिए शनिवार सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचीं, जहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। इसके बाद शेख हसीना ने राजघाट का भी दौरा किया और वहां श्रद्धांजलि दी। हसीना का दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर पीएम मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर स्वागत किया था।

**भारतीय नेताओं के लिए तोहफे**

भारत यात्रा के दौरान बांग्लादेशी प्रधानमंत्री हसीना, पीएम मोदी, राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी समेत भारत के शीर्ष नेताओं के लिए गिफ्ट लेकर आई हैं। वह राष्ट्रपति मुखर्जी के लिए सिल्क के पाजामे का जोड़ा, आर्ट वर्क, एक डिनर सेट, लेदर बैग सेट, 4 किलो रसगुल्ले, दो किलो संदेश (सोंदेश), 20 किलो हिल्सा और 2 किलो दही लाई हैं। राष्ट्रपति की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी के लिए वह सिल्क की साड़ी लाई हैं। उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के लिए डिनर सेट, चमड़े का बैग, 2 किलो रसगुल्ला, काला जाम (गुलाब जामुन) और 1 किलो संदेश लाई हैं। वह पीएम मोदी के लिए चमड़े का ऑफिस बैग सेट, 4 किलो रसगुल्ले और गुलाब जामुन, 2 किलो संदेश और 4 किलो दही लाई हैं। प्रधानमंत्री की मां के लिए राजशाही सिल्क साड़ी भी लेकर आई हैं।

# पूरे देश में गोहत्या पर रोक लगाने वाला कानून होना चाहिए : RSS प्रमुख मोहन भागवत

देश में गोरक्षक दलों द्वारा की जा रही मारपीट पर उठे तूफान के बीच राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने पूरे देश में गोहत्या पर रोक लगाने वाले कानून की वकालत की है। उन्होंने कहा कि गोवध के नाम पर कोई भी हिंसा उद्देश्य को नुकसान पहुंचाती है, कानून का हर हाल में पालन किया जाना चाहिए।

भागवत ने दिल्ली में भगवान महावीर की जयंती के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, हम देशभर में गो वध पर रोक लगाने वाला कानून चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गोवध के नाम पर कोई भी हिंसा उद्देश्य को बदनाम करती है और कानून का पालन करना ही चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि कानून का पालन करते हुए गाय की रक्षा करने का काम जारी रहना चाहिए।



भागवत का यह बयान उस वक्त आया है जब तथाकथिक गोभक्तों द्वारा राजस्थान में एक व्यक्ति की हत्या करने से पूरे देश में राजनीतिक भूचाल मचा हुआ है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने इस मुद्दे पर बीजेपी को घेरते हुए कहा कि एंटी रोमियो दस्ता हो, लव जिहाद हो, गोरक्षकों के गैरकानूनी काम हो या बूचड़खानों के खिलाफ कार्रवाई हो, इन सब बातों से एक बात साफ है कि बीजेपी की सरकार पूरे देश पर जबरदस्ती अपनी विचारधारा थोपने के काम को बहुत तेजी से कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का असली एजेंडा अब खुलकर देश के सामने आ रहा है। पायलट ने कहा,अलवर में पीट-पीटकर की गई हत्या के बारे में खेद या सहानुभूति का एक शब्द भी प्रकट नहीं किया गया। मुख्यमंत्री को तथाकथित गोरक्षकों एवं उनकी हिंसा के विरूद्ध बोलना चाहिए। क्या वह बोलेंगी?

बता दें कि कथित गोरक्षक समूह ने राजस्थान के अलवर में गाय ले जा रहे कुछ लोगों पर हमला कर दिया था। हरियाणा के रहने वाले 15 लोग छह गाड़ियों में गायों को लेकर जा रहे थे। उसी दौरान बहरोड के पास इन पर हमला कर दिया गया। मारपीट के दौरान 50 साल के पहलू खान (55) को गंभीर चोट लगी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना था कि पहलू खान और उनके चार अन्य सहयोगियों ने गाय को खरीदने संबंधी दस्तावेज भी पेश किए लेकिन इसके बावजूद उनकी पिटाई कर दी गई। यह मुद्दा संसद में भी उठा और विरोधी दलों ने इस मौत के लिए राज्य की बीजेपी सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# प्रमोद बोकाडिया ने फिल्म 'रोमियो एन बुलेट' का संगीत जारी किया





प्रसिद्ध निमार्ता के सी बोकाडिया के बेटे प्रमोद बोकाडिया ने ६ अप्रैल, २०१७ को फिल्म 'रोमियो एन बुलेट' का संगीत जारी किया, शीशा स्काई लाउंज, अंधेरी पश्चिम में, ट्रेलर भी इस कार्यक्रम में रिलीज किया गया जिसमें पूरे स्टारकास्ट, प्रोडक्शन टीम और कई मेहमान मौजूद थे। संगीत और ट्रेलर को बहुत सारे क्लैप्स द्वारा सराहा गया था। राजकुमार, विशाल पाटिल और आदित्य कुमार द्वारा लिखित, आदित्य कुमार द्वारा निर्देशित काशी-रिचर्ड और गुफी द्वारा संगीत, दीपक गिरि, अशोक गोस्वामी, भूपल सिंह और अतुल जैन द्वारा निर्मित फिल्म 'जय श्री राम क्रिएशन' के बैनर के तहत बनाई गई है। कैमरा अर्जुन राव, और शाज मीडिया एंटरटेनमेंट द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। फिल्म में प्रतिभाशाली अभिनेता विज भाटिया (बचपन से ही अभिनय मे सक्रिय), ऋषि वर्मा, अराधय तांग, कविता गर्ग और अन्य। फि ल्म के सेरा सेरा, वायोर एंटरटेनमेंट के सहयोग से रिलीज हो रही है, और जल्द ही प्रर्दशित होगी।

# नरेंद्र मोदी के नक्शे कदम पर चले सीएम योगी आदित्यनाथ, तो क्या तैयार करेंगे दूसरा 'अमित शाह'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली पहुंच गए हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद सीएम योगी ने बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने शाह से कई मुद्दों पर बातचीत की। बताया जा रहा है कि यूपी में सीएम कुर्सी संभालने और प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्या के उपमुख्यमंत्री बन जाने के बाद पार्टी में अगले प्रदेश अध्यक्ष को लेकर राजनीति गर्म है।

माना जा रहा है कि इस पद पर योगी किसी ऐसे नेता को लाना चाहते हैं जिससे प्रदेश की सरकार को पार्टी की ओर से किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। साथ ही यह भी हो कि पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश की सरकार के काम को लोगों तक समय पर पहुंचाने का काम भी करें। पार्टी और सरकार में बढ़िया समन्वय के लिए योगी आदित्यनाथ अब जोर दे रहे हैं और कहा जा रहा है कि योगी जिस प्रकार से मेहनत कर रहे हैं वैसे ही किसी नेता को यूपी में प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की जा रही है। पार्टी में कहा जा रहा है कि इससे पार्टी और सरकार में टकराव की स्थिति पैदा नहीं होगी। अभी योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बने कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन मीडिया में उनके कामों को आकलन प्रति दिन के कार्य के हिसाब से हो रहा है। मीडिया रोज उनके कामों पर रिपोर्ट कर रहा है और रोज उन्हें



इस बात की जैसे चुनौती है कि रोज का रिपोर्ट कार्ड जारी करना है।

गौरतलब है कि बीजेपी में एक व्यक्ति को एक पद पर बने रहने का नियम है। ऐसे में वर्तमान जब प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य उपमुख्यमंत्री बन गए हैं तब उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना होगा और पार्टी नया अध्यक्ष चुनेगी।

जानकारी के लिए बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को विज्ञान भवन में आयोजित अंतरराज्यीय परिषद की स्थायी समिति की 11वीं बैठक में शामिल होने के दिल्ली आए हैं। बैठक में 7 राज्यों के सीएम और 4 केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

ज्ञातव्य होगी कि 2014 में आम चुनाव में बीजेपी को मिली सफलता के दौरान पार्टी अध्यक्ष का कार्यभार राजनाथ सिंह देख रहे थे। तब सूत्रों के हवाले से खबर थी कि सरकार बनने के बाद गृहमंत्री के पद को लेकर राजनाथ सिंह अड़े हुए थे और वह यह मंत्रालय मिलने के बाद अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने को तैयार थे। बाद में हुआ भी ऐसा ही। उन्हें गृहमंत्रालय मिला और तब उन्होंने बीजेपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिए। ऐसा माना जाता है कि उनके इस्तीफे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के इशारे के बाद गुजरात बीजेपी से अमित शाह को दिल्ली में पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया। बात दें कि परिषद की स्थायी समिति की बैठक 12 साल के अंतराल के बाद हो रही है। इसलिए इसे काफी अहम माना जा रहा है। स्थायी समिति की सिफारिशों को अंतरराज्यीय परिषद की अगली बैठक में रखा जाएगा। बैठक के मुद्दों में केंद्र राज्य संबंधों को लेकर पंछी आयोग की सिफारिशों पर चर्चा की जाएगी।

# तत्काल टिकट कैंसिल करवाने पर रेलवे देगा 50% तक रिफंड

रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। रेलवे ट्रेन की तत्काल के तहत बुक टिकट को कैंसिल कराने पर अब 50 फीसदी पैसों का रिफंड दोगा। अभी ऐसे टिकट वापस करने पर कोई भी पैसा नहीं मिलता था। यात्री सुविधाओं को बढ़ाते हुए रेलवे 1 जुलाई 2017 से यह बदलाव करेगा। वहीं कॉमर्शियल विंग ने फीड बैक एवं सुविधाओं के मद्देनजर रेल मंत्रालय के पास प्रस्ताव भेजा है। इसे एक जुलाई से पहले मंजूरी मिल जाएगी।

**तत्काल टिकट का बुकिंग टाइम एक घंटे बढ़ाया जाएगा**

एसी और स्लीपर क्लास के लिए तत्काल टिकट का एक-एक घंटे तक बुकिंग टाइम बढ़ाया जाएगा। अभी एसी क्लास में तत्काल टिकट की बुकिंग सुबह 10 से 11 जबकि स्लीपर क्लास के टिकट की बुकिंग 11 से 12 बजे तक होती है। दोनों के समय को एक-एक घंटे बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है। हालांकि ट्रेन के चार्ट रिलीज होने तक तत्काल टिकट करवाने का प्रावधान है, बशर्ते तत्काल का कोटा बकाया हो, यात्री सुविधाओं को बढ़ाते हुए रेलवे एक



जुलाई से यह बदलाव करेगा।

**यात्रियों के लिए और भी होंगी कई सुविधाएं**

अभी तक टिकट पर केवल अंग्रेजी और हिंदी भाषा लिखी होती थी। अब कई भाषाओं में जानकारी लिखी होगी। इसके अलावा एक ही नंबर की 2 अलग-अलग ट्रेन चलाने की भी तैयारी हो रही है। इसके अलावा सभी प्रीमियम ट्रेनों में शुरू किए गए फ्लेक्सी फेयर सिस्टम को समाप्त किया जाएगा। यह 6 महीने के लिए ट्रायल पर था लेकिन रिजल्ट बहुत सकारात्मक नहीं रहे। इसके अलावा प्रीमियम ट्रेन राजधानी और शताब्दी में पावर कोच को हटाकर यात्री कोच लगाया जाएगा। पावर कोच को हटाना भी एक नया ट्रायल है।

**लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट के टिकट होंगे बंद**

लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट के टिकट बंद किए जाएंगे। शताब्दी ट्रेनों में सफर के बढ़ते रुझान के मद्देनजर यात्रियों को कंफर्म सीट उपलब्ध करवाने के लिए कोचों की संख्या बढ़ाई जाएगी। रेलवे वेटिंग लिस्ट टिकट बुकिंग सिस्टम को 1 जुलाई से बंद करेगा। शताब्दी ट्रेनों के यात्रियों को पेपरलैस टिकटिंग की सुविधा मिलेगी, उनके दिए मोबाइल नंबर पर टिकट मिलेगी।

# अमरीका ने कोरियाई समुद्र में भेजे युद्धपोत

अमरीकी सेना ने हमला करने में सक्षम युद्धपोतों को कोरियाई प्रायद्वीप की तरफ बढ़ने का आदेश दिया है।

हमला करने में सक्षम कार्ल विनसन टुकड़ी में युद्धपोत के अलावा एयरक्राफ्ट कैरियर भी शामिल है। अमरीकी पैसिफिक कमांड का कहना था कि दक्षिण पैसिफिक की तरफ कूच करती ये तैनाती एक बुद्धिमानी भरा कदम है जो दिखाता है कि हम इस क्षेत्र में पूरी तरह तैयार हैं। राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा है कि उत्तर कोरिया की परमाणु धमकियों से निपटने के लिए अमरीका अकेले सक्षम है। अमरीकी पैसिफिक कमान के प्रवक्ता डेव बेनहम का कहना था, 'इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खतरा उत्तर कोरिया है क्योंकि वो गैर ज़िम्मेदार है और वो अपने मिसाइल परीक्षणों और परमाणु हथियार बनाने के प्रयासों से खतरा पैदा कर रहा है।'

**उत्तर कोरिया का बयान**

इससे पहले उत्तर कोरिया ने कहा था कि सीरिया पर अमरीकी मिसाइल हमले इस बात को 'साबित'



करते हैं कि अपने परमाणु कार्यक्रम को और मजबूत करने का उत्तर कोरिया का फैसला सही था। उतर कोरिया की सरकारी मीडिया ने एक सरकारी प्रवक्ता के हवाले से कहा, "शुक्रवार को हुआ हमला एक संप्रभु राज्य के खिलाफ असहनीय आक्रामकता है।"


बीते बुधवार को सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके में संदिग्ध रासायनिक हमला हुआ था। इसमें 89 लोग मारे गए थे। इसके बाद अमरीका ने शुक्रवार को टॉमहॉक मिसाइलों से सीरिया के कुछ ठिकानों पर हमला किया। उत्तर कोरिया ने हाल के दिनों में परमाणु मिसाइल विकसित करने के लिए कई परीक्षण किए हैं।

संयुक्त राष्ट्र, उत्तर कोरिया पर मिसाइल और परमाणु परीक्षण को लेकर उसपर कई प्रतिबंध लगा चुका है। लेकिन उत्तर कोरिया ने इन प्रतिबंधों को बार बार तोड़ा है। उन्होंने लगातार अधिक शक्तिशाली परमाणु बमों के सफल परीक्षण किए हैं। उनका दावा है कि उन्होंने मिसाइल में फिट किए जा सकने लायक परमाणु बम बनाने में कामयाबी हासिल कर ली है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों ने उत्तर कोरिया के इन दावों पर संदेह जताए हैं। शुक्रवार को अमरीकी मिसाइलों ने सीरियाई हवाई पट्टी को निशाना बनाया, जिसमें छह लोग मारे गए। सीरियाई सरकार के किसी केंद्र पर यह पहला अमरीकी हमला था। हालांकि वो पहले भी इस इलाके में इस्लामिक स्टेट को निशाना बना चुका है।

केसीएनए समाचार एजेंसी ने उत्तर कोरिया के एक सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा है, सीरिया के खिलाफ अमरीकी मिसाइल हमला साफ तौर पर एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ असहनीय आक्रामकता है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा, आज की हकीकत ये बताती है कि हमें ताकत के खिलाफ ताकत के साथ खड़ा होना होगा और इसने ये लाखों बार साबित किया है कि परमाणु हथियार विकसित करने का हमारा फैसला एक सही चुनाव था। अधिकारी के अनुसार, ̄केवल हमारी अपनी सैन्य शक्ति ही हमें साम्राज्यवादी आक्रामकता से बचा पाएगी। अमरीकी आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए हम अपनी सैन्य ताकत को बढ़ाना जारी रखेंगे।

# गधे लाएंगे पाकिस्तान और चीन के बीच रिश्तों में मजबूती

पाकिस्तान और चीन के बीच रिश्ते अच्छे रहे हैं, लेकिन इसमें और मजबूती लाने का काम अब गधे करेंगे। अब आप सोच में पड़ गए होंगे कि अब भला गधे दो देशों के बीच रिश्तों में मजबूत कैसे ला सकते हैं। तो चलिए आपकी इस जिज्ञासा को शांत कर ही देते हैं।



दरअसल, गधों की खाल का चीन में काफी इस्तेमाल किया जाता है। इसे देखते हुए पाकिस्तान ने फैसला लिया है कि वो अपने यहां के गधों को चीन में बेचेगा, जिससे वो काफी मुनाफा कमा सकता है। गधे की खाल से निकलने वाली जिलेटिन का इस्तेमाल कई तरह की महंगी दवाओं को बनाने में किया जाता है।

पाकिस्तान द्वारा चीन को गधे निर्यात किए जाने की इस योजना को 'खैबर पख्तूख्वा चाइना सस्टेनेबल डंकी डेवलपमेंट प्रोग्राम' नाम दिया गया है। इसका मकसद चीन को गधे निर्यात करना और चीन में गधों की ब्रीडिंग के लिए मदद मुहैया करना है। खबरों के मुताबिक, एक गधे की खाल से पाकिस्तान को 18 से 20 हजार रुपये मिलेंगे। इस हिसाब से पाकिस्तान को इस सौदे से काफी मुनाफा होगा। मालूम हो कि खैबर पख्तूख्वा में बड़ी तादाद में गधे पाए जाते हैं।

चीन को होने वाले निर्यात में कोई कमी ना आए इसके लिए इसके लिए गधों की आबादी में इजाफा किया जाएगा। इस योजना के द्वारा गधे पालने वाले समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। 1990 के दशक में चीन में एक करोड़ 10 लाख गधे थे। अब ये आबादी घटकर 60 लाख रह गई है। आंकड़ों के मुताबिक, चीन में सालाना तीन लाख गधे कम होते जा रहे हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पटना राजधानी एक्सप्रेस में लूट, ट्रेन का एस्कॉर्ट दस्ता निलंबित



**पटना,** दिल्ली से पटना जा रही राजधानी एक्सप्रेस( ट्रेन संख्या: 12310) में रविवार तड़के सुबह भयंकर लूट की घटना घटी. घटना उत्तर प्रदेश और बिहार के बॉर्डर से लगे गहमर रेलवे स्टेशन के पास हुई. यह रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में पड़ता है. लूट की इस वारदात के बाद ट्रेन के एस्कॉर्ट दस्ते को निलंबित कर दिया गया है. इस दस्ते में 6 लोग शामिल थे घटना तकरीबन सुबह 3:15 की है जब हथियारों से लैस करीब-करीब एक दर्जन अपराधियों ने गहमर रेलवे स्टेशन के पास राजधानी ट्रेन के कई बोगियों में लूटपाट शुरू कर दी. प्राप्त जानकारी के मुताबिक लूटेरों ने ट्रेन के अ4, इ7 और इ8 कोचों को निशाना बनाया. खबर यह भी है कि लूटपाट के दौरान यात्रियों से मारपीट भी हुई. यहां सबसे अहम सवाल यह है कि आखिर लूटेरे राजधानी ट्रेन में घुसे कैसे ? इसको लेकर दो बातें सामने आ रही है. पहला यह कि ट्रेन जब 2:00 बजे मुगलसराय स्टेशन पर रुकी तो उसी वक्त अपराधी ट्रेन में सवार हो गए हैं और गहमर के पास आकर उन्होंने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया घटना को अंजाम देने के बाद लूटेरे मुगलसराय से तकरीबन 60 किलोमीटर दूर भदौरा रेलवे स्टेशन पर उतर गए. दूसरी बात यह कि गहमर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन किसी तकनीकी खराबी की वजह से रुकी हुई थी उसी वक्त अपराधी ट्रेन में सवार हो गए और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया यह ट्रेन सुबह तकरीबन 6:30 बजे पटना रेलवे स्टेशन पहुंची तो यात्रियों ने पटना जीआरपी में इसको लेकर ऋकफ दर्ज कराया. इतना ही नहीं, जिन यात्रियों के साथ लूटपाट हुई थी उन्होंने पटना रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा मचाया और आरपीएफ जवानों के साथ भी उलझ गए इस मामले को लेकर पटना जीआरपी ने जांच के आदेश दे दिए हैं राजधानी एक्सप्रेस के कोच अटेंडेंट संजय पासवान को हिरासत में ले लिया गया इस बात की आशंका जताई जा रही है कि इस लूट की घटना में कोच अटेंडेंट ने लुटेरों की मदद की है राजधानी एक्सप्रेस में लूट की इस वारदात के बाद ट्रेन के एस्कॉर्ट दस्ते को निलंबित कर दिया गया है. इस दस्ते में 6 लोग शामिल थ मिली जानकारी के अनुसार, एक एएसआई और पांच जवान ट्रेन की सुरक्षा में तैनात थे. दानापुर के सीनियर कमांडेंट ने एस्कॉर्ट दस्ते को निलंबित किए जाने की पुष्टि की है

# लालू के खिलाफ बेनामी संपत्ति मामले में शिकायत



**पटना,**सुशील मोदी राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर 950 करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति अर्जित करने के मामले को लेकर बीजेपी नेता सुशील कुमार मोदी आयकर विभाग के अलावा प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में शिकायत दर्ज करेंगे. सुशील मोदी ने कहा कि इस मामले में वह लालू प्रसाद और उनके परिवार वालों को छोड़ेंगे नहीं और उन्हें सजा दिलाएंगे. सुशील मोदी ने इस मामले में शुक्रवार को दस्तावेज और सबूत भी पेश किए थे दस्तावेजी सबूत देते हुए सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया है कि पटना की जिस जमीन पर बिहार का सबसे बड़ा मॉल बन रहा है वह लालू और उनके परिवार वालों का है और इस जमीन की कीमत तकरीबन 200 करोड़ रुपए है. इसके अलावा, जिस मॉल का निर्माण हो रहा है उसकी कीमत तकरीबन 750 करोड़ रुपए है. सुशील मोदी ने सवाल उठाया है कि आखिर कैसे लालू प्रसाद जो अपने आप को एक चपरासी का बेटा कहते हैं, उनके पास कैसे 950 करोड़ रुपए की संपत्ति आ गई? सुशील मोदी ने कहा कि बेनामी संपत्ति अर्जित करने का यह मामला रेलवे मंत्रालय से भी जुड़ा है और इसको लेकर वह रेल मंत्री सुरेश प्रभु से भी मुलाकात करेंगे ताकि मामले की जांच हो सके

उनका कहना है कि 2005 में जब लालू यादव रेल मंत्री थे तो उन्होंने रेलवे के रांची और पुरी में दो होटल पटना के व्यापारी हर्ष कोचर को गलत तरीके से दिलवा दी थी और ऐसा करने के बदले हर्ष कोचर ने लालू को पटना में 2 एकड़ जमीन काफी कम कीमत पर मुहैया करवाई थी. जाहिर है, चारा घोटाले के बाद एक बार फिर से सुशील मोदी को लालू के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है. सुशील मोदी ने मांग की है कि लालू के दोनों बेटे तेजस्वी और तेज प्रताप जो बेनामी संपत्ति अर्जित करने के मामले में शामिल है उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार से तुरंत बर्खास्त करें.

# बीजेपी नेता की दबंगई, पुलिस से बदसलूकी करने वाले बेटे को जबरन हिरासत से छुड़ाया

**मेरठ,** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सूबे की कानून-व्यवस्था सुधारने की सौगंध के साथ गद्दीनशीं हुए थे. उन्होंने कानून ना मानने वालों को यूपी छोड़कर जाने तक को कह डाला था. लेकिन ऐसा लगता है उनकी अपनी पार्टी के नेताओं पर इस चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ. जब बाप नेता तो डर काहे का..

मेरठ में पुलिस को बीजेपी नेता संजय त्यागी और उनके बेटे की दबंगई का सामना करना पड़ा. शनिवार देर शाम अंकित त्यागी अपनी कार से दिल्ली जा रहा था. परतापुर इलाके में पुलिस ने उसे चेकिंग के दौरान रोका.

पुलिसवालों ने उसे गाड़ी से हूटर और शीशों में लगी काली फिल्म हटाने को कहा. लेकिन नेताजी के सुपुत्र को ये बर्दाश्त नहीं हुआ. उसने पुलिसवालों को 24 घंटे में वर्दी उतरवाने की धमकी दी. जब पुलिस ने अंकित को थाने ले जाने की कोशिश की तो पहले उसने इंस्पेक्टर के साथ हाथापाई की और बाद में पिता को फोन मिला दिया. बेटा तो बेटा बाप भी दबंग बेटे की कॉल पर संजय त्यागी समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे.


जिस वक्त पुलिस अंकित को जीप में बिठाकर मेडिकल टेस्ट के लिए ले जा रही थी, संजय त्यागी ने उसे जबरदस्ती गाड़ी से उतारने की कोशिश की. पुलिस ने रोका तो त्यागी और उनके समर्थकों ने इंस्पेक्टर और एसआई की वर्दी नोच डाली.थाने में



हंगामा इसके बाद अंकित को थाने ले जाया गया. लेकिन बवाल यहां भी जारी रहा. बीजेपी कार्यकर्ता पुलिस स्टेशन के बाहर नारेबाजी करने लगे. बात पुलिस के आला अधिकारियों तक पहुंची तो मामले को सुलझाने की कोशिश होने लगी. आखिरकार पुलिस को अंकित त्यागी को छोड़ना पड़ा. संजय त्यागी का आरोप है कि पुलिस ने उनके और अंकित के साथ बदसलूकी की. हालांकि तस्वीरें कुछ और ही कहानी बयां करती हैं.

# सर्विस के दौरान गायब हुआ चश्मा, लाल बत्ती लगी कार से धमकाने आया रईसजादा

**पटना,** लग्जरी गाड़ी पर लगी लाल बत्ती इंसान के रसूख की तस्दीक करती है. इससे जान पड़ता है कि गाड़ी का मालिक एक चर्चित और सम्मानित चेहरा है. मगर दौलत और लाल बत्ती की ताकत के नशे में चूर दिल्ली के बिगड़ैल शहजादे एनसीआर में सरेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं. ताजा मामला नोएडा का है, जहां लाल बत्ती लगी गाड़ी में आए एक रईसजादे ने कार वर्कशॉप की महिला कर्मचारियों से गाली-गलौज की, उनके साथ बदसलूकी की. जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रहने वाले शिव गुप्ता ने नोएडा स्थित कार वर्कशॉप में सर्विस के लिए अपनी कार भेजी थी. कंपनी सर्विस के लिए आई गाड़ियों के पिक एंड ड्रॉप की सर्विस देती है, लिहाजा शिव की गाड़ी सर्विस होने के बाद उसके घर पहुंचा दी गई. उसके अगले दिन शिव ने वर्कशॉप कर्मचारियों को अपनी कार से चश्मा गायब होने की जानकारी दी. जिसके बाद शनिवार को शिव अपने एक दोस्त के साथ लाल बत्ती लगी अपनी मसीर्डीज कार (वङ143-0333) से वर्कशॉप पहुंच गया. शिव गेट पर खड़े




गार्ड द्वारा रोके जाने पर उसके साथ गाली-गलौज करता है और जबरन अपनी कार अंदर लेकर चला जाता है. अंदर घुसते ही वह कर्मचारियों से बदतमीजी करने लगा शिव और उसका दोस्त कर्मचारियों के साथ हल्की हाथापाई करते हुए सीसीटीवी में साफ नजर आ रहे हैं.

शिव और उसके दोस्त ने कंपनी के कस्टमर केयर मैनेजर और महिला कर्मचारियों से भी बदसलूकी की. उन्होंने उनका आईकार्ड तक छीन लिया. इस दौरान शिव लगातार कर्मचारियों को अपनी मां और रिश्तेदारों के उच्च पदों पर तैनात होने की धमकी देता रहा कर्मचारियों द्वारा पुलिस बुलाए जाने के बाद शिव ने फौरन कार पर लगी लाल बत्ती को कार के अंदर रख दिया. कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस शिव और उसके दोस्त को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पुलिस तफ्तीश कर रही है कि किस आधार पर आरोपी अपनी कार पर लाल बत्ती लगाकर घूम रहा था.

# दो साल बाद यह पिता अपनी बेटी के लिए नई ड्रेस खरीद पाया

माता-पिता अपने बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए किस हद तक जा सकते हैं, इस बारे में जितना कहा जाए उतना कम है. ऐसी ही एक कहानी फेसबुक पर बार बार शेयर की जा रही है जिसमें एक पिता और बेटी के रिश्ते को खूबसूरती से दिखाया गया है. पत्रकार जीएमबी आकाश ने एक पिता के अपने बच्चों के प्रति प्यार की भावना को साझा करती हुई एक पोस्ट लिखी है. यह कहानी बांग्लादेश के रहने वाले एमडी कवसर हुसैन की है जो आखिर दो साल बाद अपनी बेटी के लिए नई ड्रेस खरीद पाए. 5 अप्रैल को शेयर की गई स पोस्ट को 11 हजार से ज्यादा बार शेयर किया जा चुका है. पोस्ट में हुसैन के अपनी बेटी के लिए ड्रेस खरीदने के अनुभव के बारे में बात की गई है. लिखा गया है - जब



मैंने दुकानदार को पांच टका नोट के 60 हिस्से थमाए तो वह मुझे भिखारी समझकर चिल्लाया. मेरी बेटी ने मेरा हाथ पकड़ा और रोते हुए कहने लगी कि उसे यह ड्रेस नहीं खरीदनी. मैंने एक हाथ से उसके आंसू पोंछे. हां मैं भिखारी हूं.' हुसैन ने बताया कि किस तरह उन्होंने अपना एक हाथ गंवा दिया. पोस्ट में लिखा गया है - 'दस साल पहले मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे भीख मांगनी पड़ेगी.' हुसैन की बेटी सुमैया अपने हाथों से उन्हें खाना खिलाती थी और कहती थी कि वह जानती है कि एक हाथ से काम करना कितना मुश्किल है. पोस्ट में लिखा गया है 'जब मैं अपना हाथ आगे बढ़ाता हूं और वह मुझे देखती है तो मुझे शर्म आती है. लेकिन वह कभी मुझे अकेला नहीं छोड़ती.' मुश्किल हालातों के बावजूद हुसैन ने अपने बच्चों को पढ़ने लिखने से पीछे नहीं रखा और आखिरकार वह दिन आया जब दो साल बाद वह अपनी बेटी के लिए नया ड्रेस खरीद पाए. लिखा गया है 'दो साल बाद मेरी बेटी ने नया ड्रेस पहना है और इसलिए मैं उसे यहां खिलाने के लिए लाया हूं. आज यह पिता भिखारी नहीं है, राजा है और यह रही उसकी राजकुमारी.'

# नहीं मिला 'मीट' बरेली के बाजार में



नहीं मिला 'मीट' बरेली के बाजार में, बिना खाना खाए लौट गई बारात उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक बारात बिना भोजन किए लौट गई क्योंकि वधू पक्ष वाले भोजन में मांसाहार का इंतजाम नहीं कर पाए थ भोजीपुरा थानाक्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को हामिद अली अंसारी की बेटी की शादी थी तमाम कोशिशों के बावजूद वह शादी की दावत में मांसाहार का इंतजाम नहीं कर सके हालांकि उन्होंने मटर पनीर, दाल मखनी, मशरूम के अलावा कई तरह की सब्जियों और मिठाई का इंतजाम किया था, लेकिन बारातियों ने शाकाहारी भोजन करने से इनकार कर दिया और बिना खाये वापस लौट गए कुछ बरातियों ने नाराजगी भी जताई बरेली और उसके आसपास के शहरों में अवैध बूचड़खानों में तालाबंदी के कारण सैकड़ों की संख्या में मांस की दुकानें बंद ह शहर में मीट के दाम चार गुना से ज्यादा बढ़ गए है इस कारण तमाम प्रयासों के बावजूद वधू पक्ष मांसाहार का इंतजाम नहीं कर सका इस बीच नगर निगम ने मीट दुकान लाइसेंस नवीनीकरण के आवेदनों की जांच शुरू कर दी है. अवकाश के दिनों में भी नगर आयुक्त शीलधर यादव ने दफ्तर में मीटिंग की. उन्होंने जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नवीनीकृत लाइसेंस की रिपोर्ट तय समय पर देने को कहा है

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष** व्यय बढ़ेगा, कर्ज लेना पड़ सकता है। हानि-दुर्घटना के योग हैं। शारीरिक कष्ट होगा। जोखिम वाले कार्य टालें। श्रेष्ठजनों से मदद मिलेगी।

**वृष** संतान पक्ष की चिंता होगी। शुभ समाचार मिल सकते हैं। लाभ-प्रतिष्ठा वृद्धि के अवसर बढ़ेंगे। निवेश से लाभ होगा। काम समय पर पूरे होंगे।

**मिथुन** पराक्रम वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। निवेश-साक्षात्कार, परीक्षा में लाभ होगा। यात्रा हो सकती है।

**कर्क** व्यय बढ़ने से क्लेश होगा। कुसंगति से बचें। जोखिम न उठाएं। हानि-दुर्घटना हो सकती है। दृढ़ निश्चय से कठिन कार्य भी हल होंगे।

**सिंह** पराक्रम वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। व्यय-हानि हो सकती है। जोखिम न उठाएं। परिवार की परेशानी दूर होगी।

**कन्या** शारीरिक कष्ट हो सकता है। व्यय बढ़ेंगे। हानि-दुर्घटना के योग हैं। धनागम होगा। यात्रा से लाभ होगा। उतावली में कोई काम नहीं करें।

**तुला** हानि, कष्ट हो सकते हैं। मूल्यवान वस्तु चोरी या गुम हो सकती है। निवेशादि सावधानी से करें, लाभ होगा। प्रतियोगिता में विजय मिलेगी।

**वृश्चिक** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। शासकीय कार्यों की गति बढ़ेगी। निवेशादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में तनाव होगा। निवेश लाभकारी रहेगा।

**धनु** वाहन-मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवादादि से कष्ट होगा। जोखिमभरे कार्य न करें। व्यापार धीमा चलेगा। सामाजिक कामों में भाग लेंगे।

**मकर** यात्रा में सावधानी रखें। प्रेम-प्रसंगों में विवाद हो सकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा। धनागम होगा। मांगलिक कामों की चर्चा होगी।

**कुंभ** कुसंगति हानि देगी। दुर्घटना, चोरी इत्यादि हो सकती है। संपत्ति के सौदे लाभ देंगे। विवादादि से हानि होगी। यात्रा में सावधानी आवश्यक है।

**मीन** विरोधी परेशान करेंगे। शुभ समाचार मिलेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। निवेशादि से लाभ होगा। भाई-बहन मदद करेंगे।

## मुंबई हलचल सुडोकू-109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 7 | | | 9 | 5 |
| 6 | 5 | | 4 | | 2 | | 8 | 3 |
| 7 | | | | 8 | | | 4 | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| | 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | | | |
| | | | 8 | 5 | | 2 | 1 | |
| | 2 | | | | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 4 | | 6 | | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 5 | 4 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक्क आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3*3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रहे।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## मुंबई हलचल सुडोकू-108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 1 | 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 |

# सर्दियों में करें इन तेलों का इस्तेमाल



कुदरत ने ऐसी कई सौगातें दी हैं जिनमें स्वास्थ्य का खजाना छुपा हुआ है। तेल भी इनमें से एक है। आयुर्वेद के अनुसार तेलों में विभिन्न प्रकार के औषधीय गुण पाए जाते हैं। जानिए किस तेल में हैं कौनसे गुण।

**तिल का तेल:** आयुर्वेद के अनुसार तिल विटामिन ए व ई से भरपूर होता है। इसे हल्का गरम कर मालिश करने से निखार आता है। जोड़ों का दर्द हो तो इसके तेल में थोड़ा सोंठ पाउडर, एक चुटकी हींग डाल कर गर्म कर मालिश करें।

**सरसों का तेल:** खाने के अलावा सरसों के तेल की मालिश से शरीर का रक्तसंचार बढ़ता है, थकान दूर होती है। नवजात शिशु एवं प्रसूता की मालिश इसी तेल से करनी चाहिए। सर्दियों में इस तेल की मालिश लाभदायक है। सरसों के तेल को पैर के तलुओं में सुखाने से थकान तुरंत मिटती है तथा नेत्रज्योति बढ़ती है। दाद, खाज, खुजली जैसे चर्म रोग से निजात पाई जा सकती है।

**मूंगफली का तेल:** यह खाने में स्वादिष्ट व पचने में हल्का है। प्रोटीन से भरपूर यह तेल रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा नियंत्रित कर हृदय रोगों से बचाता है। जोड़ों के दर्द में इससे मालिश करने से आराम मिलता है।

**अलसी का तेल :** यह औषधीय गुणों व विटामिन-ई से भरपूर है। त्वचा जलने पर इसे लगाएं, दर्द व जलन से राहत मिलेगी। कुष्ठ रोगियों के लिए यह फायदेमंद है।

**नारियल का तेल:** इसमें कपूर मिलाकर त्वचा पर लगाने से दाद, खाज, खुजली की शिकायत दूर होती है। त्वचा जलने पर तुरंत नारियल तेल लगाने से निशान नहीं पड़ते।

**जैतून का तेल:** सर्दियों में बच्चों की राई के तेल से मालिश करने पर निमोनिया व सर्दी के अन्य रोगों में लाभ मिलता है। इससे हल्की मालिश कर के गुनगुनी धूप लें। इसे खानपान में शामिल करने से वजन नियंत्रित रहता है।

## कद्दू के बीज में छिपा है कई बीमारियों का इलाज



हम सब लोग जानते है कद्दू खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है लेकिन इसके बीज में भी बहुत से गुण छिपे हैं। जिससे सेहत से जुडी. बहुत सी परेशानियों से राहत पाई जा सकती है। कद्दू के बीज में जिंक भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो किसी और सब्जी में नहीं मिलता। आप इसे सब्जी,फल,नमकीन या मीठे में भी खा सकते हैं। आइए जानते हैं इसके फायदों के बारे में...

**1. दिल के लिए**

कद्दू के बीज के रोजाना सेवन से बॉडी में मैग्नीशियम की कमी पूरी होती है। इससे दिल तंदरूस्त रहता है और ब्लड प्रैशर भी नियंत्रित रहता है।

**2. इम्यूनिटी बढ़ाए**

कद्दू के बीज में पाया जाने वाला जिंक रोगों से लड़ने की शक्ति को बढ़ाता है। इससे सर्दी,खांसी और जुखाम जैसी एलर्जी से बचा जा सकता है।

**3. मर्दानगी के लिए फायदेमंद**

कद्दू के बीज पुरूषों के लिए बहुत फायद्मंद है। इससे मैग्निशियम की कमी दूर हो जाती है और यह प्रोस्टेट ग्रंथि के लिए बहुत कारगार है।

**4. डायबिटीज का खतरा कम**

कद्दू के बीज इंसुलिन को संतुलित करने का काम करते हैं। जिससे मधुमेह का खतरा कम हो जाता है।

**5. अच्छी नींद में सहायक**

आप अगर नींद न आने के कारण परेशान हैं तो सोने से पहले कद्दू के बीज का सेवन करें। इससे तनाव कम होता है और नींद भी अच्छी आती है।

**6. एसिडिटी से राहत**

कद्दू के बीज पेट के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। इससे आहार में शामिल करने से एसीडिटी से राहत मिलती है।

## प्याज की चाय पीने से आती है अच्छी नींद!



बहुत लोग चाय पीने के शौकीन होते हैं। जैसे कि सर्दियों का मौसम चल रहा है तो ऐसे में लोग अदरक की चाय का अधिक सेवन करते है लेकिन क्या आपने कभी प्याज की चाय पी है। शायद नहीं पी होगी। आपको बता दें कि प्याज की चाय सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को कई बीमारियों से बचा कर रखते हैं। आइए जाने इसे बनाने की विधि और फायदे।

### प्याज की चाय बनाने की विधि

सबसे पहले गुनगुने पानी में प्याज को धो लें।अब छोटे-छोटे टुकड़े करके पानी में डाल दें। इसके बाद इसमें नींबू का रस और ग्रीन टी बैग मिला लें।अब इसे छानकर अपने स्वाद के अनुसार शहद मिला लें और पी लें।

### चाय पीने के फायदे


1. इसका रोजाना सेवन करने से वजन कम और हाइपरटेंशन का खतरा कम होता है।
2. अगर आपको नींद नहीं आती तो प्याज की चाय का सेवन करें इससे काफी फायदा मिलेगा।
3. प्याज में विटामिन सी पाया जाता है जो सर्दी-जुकाम से बचाता है।
4. प्याज की चाय कैंसर सैल्स को बढ़ने से रोकती है और कोलीन कैंसर को ठीक करने में भी मददगार है।
5. प्याज में ग्लूकोज प्रतिक्रिया को बेहतर करके इन्सुलिन रेजिटेंट को बढ़ाकर डायबिटीज से राहत दिलाता है।











## घुटने और पीठ दर्द से परेशान हैं तो करें 'ताड़ासन'



अधिकांश लोगों की शिकायत होती है कि बैठे-बैठे काम करने से कमर और पीठ में दर्द होने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही होता है तो चिंता छोड़कर 'ताड़ासन योग' करना शुरू कर दीजिए। इस योग को करने से दर्द छूमंतर हो जाएगा। ताड़ासन आपको न सिर्फ लचीला बनाता है बल्कि ये योग शरीर को सुडौल एवं खूबसूरत बनाता है। खास बात यह है कि इस योग से एक्स्ट्रा फैट भी कम हो जाती है।

**ऐसे करें ताड़ासन-**

सर्वाइकल या पीठ द र्द में ऐसा कोई भी आसन नहीं करना चाहिए, जिसमें आगे की ओर झुकना पड़ता हो। हमेशा पीठ सीधी करके बैठें। ऐसे रोगियों को 2 मिनट के लिए शरीर तानने वाले व्यायाम करने चाहिए, जैसे ताड़ासन।






# हार्दिक पांड्या की तूफानी पारी से मुंबई जीता

**मुंबई।** आईपीएल 10 का सातवां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुकेश अंबानी की टीम मुंबई इंडियंस और शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइटराइडर्स के बीच खेला जा रहा है. मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया है. इस मैच से पहले इस टूनामेंट की छठी ओपनिंग सेरेमनी हुई, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोरा और अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने मोहक प्रस्तुति दी. कोलकाता की ओर से रखे गए 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 180 रन बना लिए और मैच 4 विकेट से जीत लिया. हार्दिक पांड्या (29 रन, 11 गेंद, 3 चौका, 2 छक्के) नाबाद रहे. नितीश राणा (50 रन, 29 गेंद, 5 चौके, 3 छक्के) ने भी शानदार पारी खेली. और मुंबई को नौवें और दसवें ओवर में गलत फैसलों का शिकार होना पड़ा. जॉस बटलर और रोहित शर्मा को अंपायर ने गलत आउट दे दिया. रोहित के बैट में गेंद लगी थी, फिर भी उनको पगबाधा आउट दे दिया गया, जबकि बटलर के मामले में गेंद पूरी तरह से स्टंप के बाहर जा रही थी. कीरन पोलार्ड ने 17 रन बनाकर आईपीएल में अपने 2000 रन पूरे किए.

कोलकाता ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए हैं. मनीष पांडे (81 रन, 47 गेंद, 5 चौके, 5 छक्के) नाबाद रहे. उन्होंने 37 गेंदों में फिफ्टी बनाई. पांडे का 14 रन पर पार्थिव पटेल ने विकेट के पीछे कैच छोड़ दिया और उन्होंने इसका भरपूर फायदा उठाया. सूर्यकुमार यादव (17) ने पांडे का अच्छा साथ दिया और उनके साथ 44 रन जोड़े. पिछले मैच के हीरो क्रिस लिन ने 24 गेंदों में 32 रन (3 चौके, 1 छक्का) रन बनाए हैं.

# मलाइका-सुशांत के डांस पर फिदा हुए दर्शक

इस मैच के पहले हुए शुभारंभ समारोह में सुशांत राजपूत ने डांस का प्रदर्शन कर लोगों को थिरकने पर मजबूत कर दिया। बाद में 'मुन्नी बदनाम हुई' गाने पर डांस करके चर्चा में आई मलाइका अरोरा ने भी परफार्मेंस दिया। आईपीएल इतिहास में 98 मैचों में 143 विकेट के साथ नंबर वन पर मौजूद लसिथ मलिंगा ने दो दिन पहले ही टी-20 इंटरनेशनल में हैट्रिक ली है। उन्होंने 6 अप्रैल को बांग्लादेश के खिलाफ कोलंबो में यह कारनामा किया।

### मलिंगा की हैट्रिक नहीं

वैसे आईपीएल के अब तक 9 सीजन में मलिंगा के नाम कोई भी हैट्रिक नहीं है, लेकिन वह खरतनाक साबित होते हैं। आईपीएल में अमित मिश्रा ने सर्वाधिक 3 हैट्रिक ली है, जबकि युवराज सिंह ने दो बार यह उपलब्धि हासिल की है। कुल मिलाकर आईपीएल में अब तक 14 हैट्रिक बन चुकी हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट (तीनों प्रारूप) में लसिंथ मलिंगा ने अब तक चार हैट्रिक ली हैं। सर्वाधिक हैट्रिक लेने वालों की



सूची में एच ट्रंबल, सकलैन मुश्ताक, चमिंडा वास, मो। समी, क्रिस ब्रॉड के नाम दो-दो हैट्रिक हैं।





# राशिद की फिरकी के आगे ढेर हुए गुजरात के सिंह

**हैदराबाद।** आईपीएल 10 का छठा मैच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में खेला गया. इसमें पिछली बार की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद ने गुजरात लॉयन्स को बेहद आसानी से 9 विकेट से हरा दिया. गुजरात की ओर से रखे गए 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद ने कप्तान डेविड वॉर्नर की तूफानी फिफ्टी से 15.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया. डेविड वॉर्नर ने 45 गेंदों में नाबाद 76 रन (6 चौके, 4 छक्के) ठोके, जबकि हेनरिक्स 39 गेंदों में 52 रन (6 चौके) बनाकर नाबाद रहे. वॉर्नर ने 31 गेंदों में फिफ्टी पूरी की. गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 135 रन बनाए थे, जबकि हैदराबाद ने एक विकेट पर 140 रन बना लिए. गेंदबाजी में हैदराबाद के स्टार अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट चटकाए. उनके अलावा भुवनेश्वर कुमार ने भी दो विकेट झटके. हैदराबाद की ओर से शिखर धवन और कप्तान डेविड वॉर्नर के बीच पहले विकेट के लिए 32 रनों की साझेदारी हुई. धवन 9 रन पर प्रवीण कुमार का शिकार बने. इसके बाद गुजरात के गेंदबाज कोई भी सफलता हासिल नहीं कर सके. गुजरात की ओर से दिनेश कार्तिक ने 32 गेंदों में 30 रन बनाए, जबकि ड्वेन स्मिथ ने 27 गेंदों में 37 रन (4 चौके, 1 छक्का) ठोके, लेकिन टीम को बड़े स्कोर तक नहीं ले जा पाए. गुजरात को 35 रन पर पहला झटका लग गया था, जब ब्रेंडन मैक्कलम महज 5 रन पर लौट गए।

# मुंबई एफसी ने चर्चिल एफसी को गोल रहित ड्रा पर रोका

**मुंबई,** मुंबई एफसी और चर्चिल ब्रदर्स एफसी ने आज यहां आईलीग फुटबाल टूर्नामेंट के 15वें दौर में गोलरहित ड्रा खेला। रेलिगेशन से बचने की कोशिश कर रही दोनों टीमों ने सतर्क शुरूआत की। मुंबई की टीम को इस बीच गोल करने के दो अच्छे मौके मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी।

गोवा की टीम को पूरे मैच में गोल करने का सिर्फ एक अच्छा मौका मिला लेकिन टीम इसमें सफल नहीं हो सकी। मुंबई की टीम 15 मैचों में 11 अंक के साथ अंतिम स्थान पर है जबकि चर्चिल की टीम 15 मैचों में 17 अंक से छठे स्थान पर है।



# चोटिल रायुडू की जगह मुंबई टीम में इस स्टार खिलाड़ी की हुई एंट्री

**मुंबई,** अपने पहले मैच में पुणे के हाथों पराजय झेलने वाली मुंबई के लिए राहत की बात हैं कि उसके स्टार तेज गेंदबाज श्रीलंका के लसित मलिंगा टीम से जुड़ गए हैं। हालांकि मुंबई के लिए एक झटका भी है कि बल्लेबाज अंबाटी रायुडू ग्रोइन चोट के चलते एक सप्ताह के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं।

मलिंगा ने हाल ही में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टवंटी-20 मैच में हैट्रिक ली थी और अब मुंबई के लिए भी वैसा ही प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। मुंबई के कोच माहेला जयवर्धने ने बताया कि रायुडू को पहले मैच में मांशपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह एक सप्ताह के लिए नहीं खेल पाएंगे। माहेला ने बताया कि रायुडू की जगह सौरभ तिवारी



को शामिल किया जा सकता है। मलिंगा के अलावा श्रीलंका के ही असेला गुणारत्ने भी मुंबई टीम से जुड़ गए हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# ऑटो में सवार हुईं बेगम जान



बेगम जान फिल्म की एक्ट्रैस विद्या बालन ने शनिवार को रांची में थीं। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए लोग उमड़ पड़े। यहां के न्यूक्लियस मॉल में उनका एक प्रोग्राम था, जहां बड़ी संख्या में लोग विद्या को देखने जमे हुए थे। उनके साथ फिल्म निदेशक महेश भट्ट भी थे। इस दौरान विद्या बालन ने रांची एयरपोर्ट से होटल रेडिसन ब्लू तक पिंक ऑटो में की सवारी की। फिल्म 'बेगम जान' झारखंड के लिए कई मायनों में खास है। क्योंकि इसकी 90 फीसदी शूटिंग झारखंड के दुमका जिले के रानीश्वर थाना के नंदनी गांव में हुई है। यह फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज हो रही हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाक बंटवारे के वक्त वेश्याओं के हालात पर बनी है। विद्या बालन को अपने पिंक ऑटो में बैठा कर लाने वाली महिला ऑटो ड्राइवर शिलवंती भगत ने बताया कि वह विद्या बालन और महेश भट्ट को पहचानती भी नहीं थी। उन्हें अचानक अपने ऑटो में बैठा देखकर वह डर गयीं। मगर शीलवंती बॉलीवुड एक्ट्रैस के साथ बिताए यादगार क्षणों के लिए खुशनसीब मान रही हैं।



# ब्लॉकबस्टर खान का धमाकेदार एलान

अभिनेता आमिर खान की फिल्म ' सीक्रिट सुपरस्टार' की रिलीस डेट को टाल दिया गया है। यह उनके होम प्रोडक्शन की फिल्म है। अब यह फिल्म दीवाली पर रिलीज होगी। इस खबर को फिल्म व्यापार विशेषज्ञ तरण आदर्श ने ट्वीट किया। बता दें कि दिवाली पर ही रजनीकांत और अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म रोबोट 2 I0 भी रिलीज हो रही है। लगता हैं दोनों के बीच काफी धमाकेदार टक्कर होगी। पहले यह फिल्म 4 अगस्त 2017 को रिलीज होना थी। अब इसे दिवाली 2017 पर रिलीज किया जाएगा। इस हिसाब से इस साल दिवाली बॉक्स ऑफिस के लिए भी धमाकेदार होने वाली है। दिवाली पर '2 I0' और गोलमाल रिटर्न्स' जैसी फिल्में पहले से ही रिलीज के लिए तैयार हैं। '2 I0' में सुपरस्टार रजनीकांत के साथ अक्षय कुमार नजर आएंगे।

# जमकर नाची दिशा

शनिवार को आईपीएल के दसवें सीजन की इंदौर में हुई ओपनिंग सेरेमनी में एक्ट्रेस दिशा पटानी ने महेंद्र सिंह धोनी एंड टीम के सामने दर्शकों को जमकर थिरकाया। अभी बेंगलुरू में कृति सेनन परफॉर्म करेंगी। इंदौर में जहां किंग्स इलेवन पंजाब और पुणे राइजिंग सुपरजाइंट की भिड़ंत होगी तो वहीं बेंगलुरू में दिल्ली डेयरडेविल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का मैच होगा। इंदौर में महेंद्र सिंह धोनी अपने ऊपर बनी बायोपिक फिल्म 'महेंद्र सिंह धोनी– द अनटोल्ड स्टोरी' की एक्ट्रेस दिशा पटानी को लाइव परफॉर्म करते हुए देख रहे हैं। बेंगलुरू में नजर आने वाली कृति सेनन ने ट्विटर पर अपनी रिहर्सल का वीडियो शेयर किया है। कृति इस वीडियो में धूम में अपनी परफॉर्मेंस तैयार करती नजर आ रही हैं। वहीं दिशा पटानी ने भी अपने आईपीएल डांस की जानकारी अपने फैन्स को दी थी। दिशा ने आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी में अपनी पहली फिल्म 'एम एस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी' के गाने पर परफॉर्म किया है।

